Phone : 25367030, 25367033, 25367035, 25367036
दूरभाष : 25367030, 25367033, 25367035, 25367036
Telegrams : MEDCONCIND, New Delhi
तार : मेडकॉसिंड नई दिल्ली
Fax : 0091-11-25367024
E-mail :monitoring@mciindia.org
Website : www.mciindia.org

पॉकेट – 14, सेक्टर – 8,
द्वारका फेस– 1
नई दिल्ली–110 077
Pocket- 14, Sector- 8,
Dwarka Phase - 1
New Delhi-110077

भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद्
"MEDICAL COUNCIL OF INDIA"

सं.भा.आ.प–34(एमसी)/2016–17 110262 दिनांक 18/5/17

अनुस्मारक –I

परिपत्र

सेवा में,

डीन/प्रधानाचार्य,
डॉ. पंजाबराव अलियास भाउसाहेब देशमुख मेमोरियल मेडिकल कॉलेज, अमरावती,
मेडिकल कॉलेज, शिवाजी नगर,
अमरावती (विदर्भ)–444603

विषयः दाखिल किए गए छात्रों की पूरी सूची और पाठ्यक्रम को अनुमति के संबंध में स्थिति कॉलेज की वेबसाइट पर अपलोड करना।

महोदया/महोदय,

मैं इस कार्यालय पत्र संख्या भा.आ.प–34(एमसी)/2016–17/170031. दिनाकः 15/02/2017 पर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ कि दाखिले की अंतिम तारिख के पश्चात विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में खाली सीटों से संबंधित मामला, 20/01/2017 को हुई मानीटरिंग उप–समिति की बैठक में उसके समक्ष और बाद में दिनांक 25/01/2017 को हुई कार्यकारिणी समिति की बैठक में प्रस्तुत किया गया था। दाखिले की प्रक्रिया में अधिक पारदर्शिता और जवाबदेही लाने की दृष्टि से यह निर्णय लिया गया था कि *"मेडिकल कॉलेज को प्राधिकारियों को, दाखिल किए छात्रों की पूरी सूची कॉलेज की वेबसाइट पर डालनी चाहिए। यह सूची, सभी छात्रों द्वारा एमबीबीएस की अंतिम परीक्षा उत्तीर्ण कर लेने और राज्य आयुर्विज्ञान परिषद में पंजीकरण प्राप्त कर लेने तक रहनी चाहिए।"* विनियामक निकायों द्वारा लिए गए निर्णय को ध्यान में रखते हुए सूची में हुए परिवर्तन, यदि कोई है, शामिल किए जाएं, जब कभी ऐसा करने के निर्देश प्राप्त हो और अद्यतनीकृत सूची उपलब्ध की जानी चाहिए। 'होम पेज' को मेन्यूवार **'एडमिशन'** के रूप में चिन्हित एक लिंक रखा जाना चाहिए, जिसमें उस पेज का इस्तेमाल करने वाले व्यक्ति को निम्नलिखित दर्शाने वाली एक सारणी का संकेत दिया गया है:

क्र. सं.	पाठ्यक्रम	छात्रों की सूचियां–वर्ष वार
1.	एमबीबीएस	यू2016.पीडीएफ, यू2015.पीडीएफ, यू2014.पीडीएफ आदि.........
2.	सभी एमडी/एम एस/डिप्लोमा	पी2016.पीडीएफ, पी2015.पीडीएफ, पी2014.पीडीएफ आदि.........
3.	सभी अति विशेषज्ञता	एस2016.पीडीएफ, एस2015.पीडीएफ, एस2014.पीडीएफ आदि.......

ऊपर सारणीकृत के रूप में सूचना वाले इस लिंक्ड पेज पर, पीडीएफ फार्मेट पर वर्ष वार सूचियां, वर्ष–वार लेबलों के साथ हाइपरलिंक की जानी चाहिए।

दिनांक 23/10/2008 को प्रकाशित राजपत्र अधिसूचना संख्या भा.आ.प–34(41)/2008–मेडि./29543, प्रतिवर्ष 50,100,150 एमबीबीएस दाखिलों के लिए न्यूनतम मानक शर्तें विनियमावली, 1999 की अनुसूची–I, खंड ख 1.11 के अनुसार मेडिकल कॉलेजों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए अनुमति/मान्यता से संबंधित सभी सूचना, कॉलेज की वेबसाइट पर डालें और नियमित आधार पर इसे अद्यतन बनाएं। केन्द्रीय सरकार द्वारा किसी मेडिकल कॉलेज को दी गई अनुमति/मान्यता से संबंधित दस्तावेजी साक्ष्य, निम्नलिखित फार्मेट में वेबसाइट पर अपलोड किया जाए। 'होम पेज' के मेन्यूबार में **'सरकारी अनुमोदन'** के रूप में चिन्हित एक लिंक रखा जाना चाहिए, जिसमें उस पेज का इस्तेमाल करने वाले व्यक्ति को निम्नलिखित ब्यौरे दर्शाने वाली सारणी वाले पेज का संकेत दिया गया हो:

क्र. सं.	पाठ्यक्रम	अनुमति/मान्यता के पत्र (कॉलेज के प्रारंभ से वर्ष–वार क्रमबद्ध)
1.	एमबीबीएस	यूपीआर2016.पीडीएफ, यूपीआर2015.पीडीएफ, यूपीआर 2014.पीडीएफ आदि.........
2.	सभी एमडी/एम एस/डिप्लोमा	पीपीआर2016.पीडीएफ, पीपीआर2015.पीडीएफ, पीपीआर2014.पीडीएफ, आदि....................
3.	सभी अति विशेषज्ञता	एसपीआर 2016.पीडीएफ, एसपीआर 2015.पीडीएफ, एसपीआर2014. पीडीएफ, आदि............

ऊपर सारणीकृत के रूप में सूचना वाले इस लिंक्ड पेज पर अनुमति/मान्यता के अलग–अलग पत्र एक पीडीएफ फार्मेट में वर्ष–वार लेबलों के साथ हाइपरलिंक किए जाए।

उपर्युक्त के संबंध में अनुपालन, इस पत्र के प्रेषण की तारीख से 2 सप्ताह के अंदर कॉलेज की वेबसाइट पर उपलब्ध होना चाहिए और साथ ही साथ उसकी सूचना परिषद् को भेजी जानी चाहिए, अन्यथा इस मामले में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

भवदीय,

(डॉ. राजेन्द्र वाबले)
संयुक्त सचिव